दिन– रविवार दिनांक– 04 / 05 / 2025



प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. खेलो इंडिया यूथ गेम्स दो हजार पच्चीस की पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में भव्य शुरूआत।
02. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो संदेश में कहा– खिलाड़ियों की प्रतिभा को उभारने में खेलो इंडिया यूथ गेम्स इतिहास रचेगा।
03. विश्व दृश्य–श्रव्य और मनोरंजन शिखर सम्मेलन, वेव्स का चार दिवसीय आयोजन मुम्बई में संपन्न।
04. और, पश्चिमी विक्षोभ के कारण प्रदेश के अधिकांश भागों में वज्रपात के साथ हुई बारिश। सात मई के बाद तापमान में वृद्धि की संभावना।

---

खेलो इंडिया यूथ गेम्स दो हजार पच्चीस की शुरूआत आज शाम पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में एक भव्य समारोह के साथ हुई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने इसका उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और सम्राट चौधरी भी उपस्थित थे। उद्‌घाटन समारोह में लेजर शो के साथ बिहार की विरासत, इतिहास और ज्ञान परंपरा को दर्शाया गया। पन्द्रह मई तक चलने वाले इन खेलो में, अठारह वर्ष से कम आयु वर्ग की साढे आठ हजार से अधिक युवा प्रतिभाएं चौबीस सौ से अधिक पदकों के लिए खेलेंगी। पटना, राजगीर, गया, भागलपुर और बेगूसराय समेत छह शहरों में कुल अट्‌ठाईस स्पर्धाएं होंगी। साइकिलिंग, शूटिंग और एथलेटिक्स के आयोजन नई दिल्ली में होंगे। उद्‌घाटन समारोह में मशहूर अभिनेता पंकज त्रिपाठी और लोक गायिका मैथिली ठाकुर ने अपनी प्रस्तुति से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स को वीडियों कॉन्फ्रेंस से संबोधित करते हुए कहा कि बिहार के अलग–अलग शहरों में कई प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी। श्री मोदी ने कहा कि भारत में खेल अब एक संस्कृति के रूप में अपनी पहचान बना रहा है।

–––बाइट–––

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने देश के कोने–कोने से आए खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए कहा कि स्वस्थ खेल प्रतिस्पर्धा से भविष्य के लिए कुशल खिलाड़ियों की टीम तैयार करने में मदद मिलेगी। श्री कुमार ने कहा कि सरकार की ओर से राज्य में खेलो को प्रोत्साहन देने के लिए लगातार काम किया जा रहा है। उत्कृष्ट खिलाड़ियों को मेडल जीतने पर सीधे नौकरी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के सहयोग से राज्य में खेल संस्थाओं को मजबूत बनाया जा रहा है।

–––बाइट–––

---

केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में इस भव्य आयोजन से यूवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलेगा। श्री मांडविया ने कहा कि ऐसे समय में जब भारत दो हजार छत्तीस में ओलंपिक की मेजबानी की तैयारी कर रहा है, इस तरह के आयोजन से खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने में मदद मिलेगी।

–––बाइट–––

---

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार के पांच जिलों में खेलो इंडिया यूथ गेम्स के भव्य आयोजन ने एक नया कीर्तिमान रचा है। श्री चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार हर क्षेत्र मे प्रगति की ओर अग्रसर है।

–––बाइट–––

---

उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने उद्‌घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की खेलों के प्रति रूचि के कारण बिहार में यह खेल समारोह आयोजित किया जा रहा है। श्री सिन्हा ने कहा कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स से भविष्य के खिलाड़ियों की नींव रखने में मदद मिलेगी।

–––बाइट–––

---

विश्व दृश्य–श्रव्य और मनोरंजन शिखर सम्मेलन, वेव्स का चार दिवसीय आयोजन आज मुम्बई में संपन्न हो गया। सूचना और प्रसारण सचिव संजय जाजू ने कहा कि वेव्स में भाग लेने वाला प्रत्येक सर्जक बेहतर कलाकार बनकर जा रहा है। वे आज मुंबई में वेव्स के दौरान आयोजित सांस्कृतिक सत्र को संबोधित कर रहे थे। श्री जाजू ने कहा कि जिन संगीतकारों ने क्रिएट इन इंडिया चैलेंज में भाग लिया उन सभी ने अपने प्रदर्शन से भारत के सार को दर्शाया है। उन्होंने कहा कि वेव्स ने ऐसे समय में ऐसी अनूठी प्रतिभाओं को सामने लाने में मदद की है, जब भारत में ऐसे पेशेवर बैंड की कमी है जो वैश्विक मंच पर भारत के सार को प्रदर्शित कर सकें। आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत करते हुए श्री जाजू ने कहा कि वेव्स निवेश, व्यापार, कला और संस्कृति के लिए एक अविश्वसनीय मंच रहा है, जिसने खुद को एक जन आंदोलन के रूप में स्थापित किया है।

---

विधानसभा चुनाव को लेकर महागठबंधन दलों की आज पटना में महत्त्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का नाम इंडिया गठबंधन संवाद कार्यक्रम दिया गया। बैठक में नीतीश सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार, आपराधिक घटनाओं में वृद्धि और महिला हिंसा पर सरकार को घेरने के मुद्दे पर चर्चा हुई। इसके साथ ही प्रखंड स्तर पर इंडिया गठबंधन की समन्वय समिति की बैठक आयोजित करने पर भी सहमति बनी। बैठक के बाद राजद प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि इंडिया गठबंधन एकजुट है और विधानसभा चुनाव में शानदार जीत दर्ज करेगा।

–––बाइट–––

बैठक में राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव, कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावरू, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम, वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी सहित वाम दलों के प्रमुख नेता शामिल हुए।

---

केंद्रीय उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक मामलों के राज्य मंत्री बी.एल वर्मा ने दावा किया है कि आगामी विधानसभा चुनाव में एक बार फिर एनडीए की सरकार बनेगी।

महागठबंधन घटक दलों की बैठक पर श्री वर्मा ने आज पटना में कहा कि इंडिया गठबंधन चाहे जितनी बैठक कर ले प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बिहार में एनडीए अपना परचम लहराएगा।

–––बाइट–––

---

जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने कहा कि एनडीए में सीटों को लेकर कोई विवाद नहीं है। श्री झा ने आज पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए दावा किया कि बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए दौ सौ से अधिक सीटें जीतेगा। श्री झा ने केन्द्र के जातीय जनगणना के फैसले पर विपक्षी दलों की ओर से इसका श्रेय लेने पर कहा कि जब यूपीए की सरकार थी तो इस संबंध में कुछ नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि अब एनडीए सरकार के कार्य का क्रेडिट लेने की विपक्ष में होड़ मची है।

---

पश्चिमी विक्षोभ के कारण प्रदेश के कई जिलों में बादल छाये हुए हैं। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, गया और नवादा में मेघगर्जन के साथ बारिश और वज्रपात को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना ने कहा है कि इस दौरान पचास से साठ किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा भी चल सकती है।

---

01. खेलो इंडिया यूथ गेम्स दो हजार पच्चीस की पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में भव्य शुरूआत।
02. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो संदेश में कहा– खिलाड़ियों की प्रतिभा को उभारने में खेलो इंडिया यूथ गेम्स इतिहास रचेगा।
03. विश्व दृश्य–श्रव्य और मनोरंजन शिखर सम्मेलन, वेव्स का चार दिवसीय आयोजन मुम्बई में संपन्न।
04. और, पश्चिमी विक्षोभ के कारण प्रदेश के अधिकांश भागों में वज्रपात के साथ हुई बारिश। सात मई के बाद तापमान में वृद्धि की संभावना।

---

समाप्त